Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to provide financial assistance to eligible entrepreneurs under Amended Technology Upgradation Funds Scheme -laid.

श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया (भीलवाड़ा): मैं सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहता हूं कि राजस्थान में भीलवाड़ा एक कपड़ा मंडी है जहां से मैं प्रतिनिधित्व करता हूं। कपड़ा उद्योग को बढ़ावा देने के लिए केन्द्र सरकार ने PRTUFS योजना लागू की थी इसमें 15 प्रतिशत पूंजी अनुदान और ब्याज पर 6 प्रतिशत अनुदान मिलता था इससे टेक्सटाइल उद्योग को गति मिली। केन्द्र सरकार ने इसके स्थान पर ATUFS योजना लागू की इसमें 10 प्रति पूंजी अनुदान का प्रावधान है। वर्ष 2016 में यह योजना लागू हुई। ATUFS योजना का लाभ लेने के लिए सम्पूर्ण औपचारिकताएं पूरी करने के बाद भी भीलवाड़ा के एक भी कपड़ा उद्यमी को पूंजी अनुदान का भुगतान नहीं मिला। इस हेतु टेक्सटाइल कमिश्नर मुंबई के सामने उद्यमियों ने अपनी बात रखी। उन्होंने अवगत कराया कि फण्ड उपलब्ध नहीं होने से भुगतान नहीं हो पा रहा है। मेरा कपड़ा मंत्री से आग्रह है कि ATUFS में पात्र उद्यमियों को 10 प्रतिशत पूंजी अनुदान शीघ्र उपलब्ध कराया जाये ताकि कपड़ा उद्योग का और गति मिल सके।